लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक – "C" इन्द्रावती भवन,

नया रायपुर छत्तीसगढ़

ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215

क्र. / 46–2 / छा.वृ. / मु.मं.ज्ञा.प्रो.यो. / 2019–20 / 249 नवा रायपुर अटल नगर दि 14 / 10 / 2019

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी

छ.ग

विषय :– मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना 2019–20 बाबत् ।

– –

विषयान्तर्गत लेख है, कि मुख्य मंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना 2019–20 के तहत CGBSE, CBSE एवं ICSE बोर्ड से ST/SC वर्ग के विद्यार्थियों को योजना के लक्ष्य की सीमा में लाभान्वित किया जाना है । पूर्व वर्षों में देखा गया है, कि मेरिट के उच्च क्रम के विद्यार्थी योजना के तहत पात्रता की शर्तों को पूरा ना करने के कारण अपात्र हो जाते है, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निचले क्रम के पात्र विद्यार्थियों को योजना से लाभान्वित होने का अवसर मिलता है, इसी कारण संबंधित बोर्ड से लक्ष्य की सीमा से अधिक मेरिट सूची प्राप्त कर सभी पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है, किंतु भुगतान योजना के लक्ष्य की सीमा में ही किया जाता है। सत्र 2018–19 में योजना के लक्ष्य की सीमा में CGBSE के अवसर प्राप्त अंतिम विद्यार्थी का मेरिट क्रमांक इस प्रकार है–

10 वी SC		10 वी ST		12 वी SC		12 वी ST	
लक्ष्य	अं मेरिट क्र	लक्ष्य	अं मेरिट क्र	लक्ष्य	अं मेरिट क्र	लक्ष्य	अं मेरिट क्र
144	216	336	440	144	271	336	564

सत्र 2019–20 के भुगतान हेतु जिलावार / कक्षावार / वर्गवार / बोर्डवार मेरिट सूची, योजना की जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप आदि महत्वपूर्ण जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://shiksha.cg.nic.in तथा eduportal.cg.nic.in एवं छात्रवृत्ति पोर्टल schoolscholarship.cg.nic.in के होम पेज से प्राप्त की जा सकती है। पात्र विद्यार्थियों के आवेदन जिला स्तर पर प्राप्त करने व राज्य कार्यालय को भेजने की अंतिम तिथि इस प्रकार है–

1. पात्र विद्यार्थियों के संस्था प्रमुख से प्रमाणित आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी तक भेजना – दि 05 / 11 / 2019 के पूर्व ।
2. भुगतान हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लोक शिक्षण संचालनालय तक आवेदन भेजना – दि 10 / 11 / 2019 के पूर्व ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है, कि स्थानीय समाचार पत्रों में योजना का प्रचार प्रसार करें, सभी संबंधित प्राचार्य हाई / हायर सेकण्डरी शालाओं को निर्देशित करें कि वे योजना की जानकारी, मेरिट सूची, आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन की समय सीमा / तिथि आदि महत्वपूर्ण जानकारी अपनी संस्था के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें तथा मेरिट में आये पात्र विद्यार्थियों / उनके पालकों को आवश्यकतानुसार दूरभाष पर सूचित कर पूर्ण रूप से प्रविष्ट किये तथा आवश्यक समस्त प्रमाण पत्र यथा– छ.ग. का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक की स्पष्ट छायाप्रति, 10वी / 12वी की अंक सूची की छाया प्रति तथा 12वी के विद्यार्थियों की स्थिति में महाविद्यालयीन संस्था के प्राचार्य / प्रमुख के हस्तक्षर व संस्था में अध्ययन के प्रमाण हेतु जमा की गई

निरन्तर–– 2–

फीस की रसीद की छाया प्रति के साथ आपके कार्यालय में नियत तिथि के पूर्व आवेदन प्रस्तुत करें ।

उपरोक्तानुसार प्राप्त आवेदनों की पात्रता का चेक लिस्ट अनुसार परीक्षण करें व पात्र होने पर ही हस्ताक्षर कर कक्षावार/वर्गवार मेरिट के क्रम में संकलित करें तथा समान क्रम में चेक लिस्ट सहित आवेदन पत्र संलग्न करें । इसके अतिरिक्त जिले को उपलब्ध करायी गई मेरिट सूची के अप्राप्त /अपूर्ण आवेदन को अपात्र की श्रेणी में शामिल कर निम्नानुसार प्रारूप में इस कार्यालय को उपलब्ध करावें –

जिला– .... CGBSE/ CBSE/ICSE के कक्षा 10वी/12वी/ST/SC संकलित आवेदन पत्र

क्र	मेरिट क्रं	पात्र विद्यार्थीयों की जानकारी (अंग्रेजी में लिखे)					अपात्र होने पर अपात्रता का कारण का उल्लेख करें
		नाम	दूरभाष क्रं	बैंक का नाम	IFSC कोड	खाता क्रं	
1	2	3	4	5	6	7	8

उपरोक्तानुसार प्रपत्र की साफ्ट कापी (Excel-- Calibri) में पात्र विद्यार्थियों की जानकारी के अन्तर्गत कॉलम 1 से 7 की जानकारी calibri font में तथा अपात्रता का कारण के कॉलम 8 की जानकारी हिन्दी के font – kruti Dev 010 में तैयार कर schoolscholarship717@gmail.com पर email करें तथा हार्ड कापी आवेदन पत्रों के साथ संलग्न कर इस कार्यालय को नियत समय सीमा में उपलब्ध करावें ।

संलग्न–1. आवेदन पत्र प्रारूप व चेक लिस्ट।

2. CGBSE, CBSE एवं ICSE बोर्ड की मेरिट सूची ।

संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय,
नया रायपुर (छ.ग.)

क./46–2/छा.वृ./मु.मं.ज्ञा.प्रो.यो./2019–20/250 नवा रायपुर अटल नगर दि 14/10/2019

प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. सर्व संबंधित प्राचार्य हाई/हायर सेकन्डरी शाला जिनके विद्यार्थियों ने CGBSE, CBSE एवं ICSE बोर्ड से ST/SC वर्ग की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है, उपरोक्तानुसार सूचनार्थ व पालनार्थ ।

संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय,
नया रायपुर (छ.ग.)